# <u>नगर निगम, गोरखपुर</u>

## <u>अल्पकालीन निविदा सूचना</u>

नगर निगम, गोरखपुर के एस.बी.एम कार्यालय में वर्ष 2020–2021 हेतु स्वच्छ भारत मिशन के तहत महानगर के विभिन्न वर्नेवल प्वाइण्ट को सुव्यवस्थित करने तथा विभिन्न माध्यमो से जनता को जागरूक करने हेतु कार्य में सामग्रियों की आपूर्ति दर निर्धारण हेतु कार्यदायी संस्थाओ से **मुहरबंद निविदायें दिनांक**०९/१०/२०२०... **को पूर्वान्ह 10.00 बजे से अपरान्ह 3.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे तक **अपर नगर आयुक्त कार्यालय कक्ष** में खोला जायेगा। प्रत्येक सामग्रियो की दर अलग–अलग प्रति नग/प्रति मीटर/प्रति वर्गफीट दरे प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनॉंक ०६ ०८/१०/२०२० को अपरान्ह 2.00 बजे तक **एस.बी.एम. कार्यालय, नगर निगम गोरखपुर** से की जायेगी। निविदा के साथ **रूपया 5,000.00 धरोहर धनराशि** जमा करना अनिवार्य होगा। विस्तृत जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में एस.बी.एम. कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है। बिना कारण बताये एक या समस्त निविदाओ को निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर के पास सुरक्षित होगा।

| क्र.सं. | कार्य | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | महानगर में विभिन्न वार्डो में नाटक/प्रस्तुति हेतु मय टीम/लाउडस्पीकर/वाहन आदि का व्यय | प्रति कार्यक्रम हेतु | |
| 2 | शहर के वर्नेबल पाइन्ट को सुव्यवस्थित करना | प्रति वर्ग फीट | |
| 3 | शहर में कैनोपी रखे जाने हेतु। | प्रति अदद | |
| 4 | शहर में कैनोपी मय आपरेटर के साथ रखे जाने हेतु। | " | |
| 5 | शहर में कैनोपी मय आपरेटर एवं साउण्ड सिस्टम के साथ रखे जाने हेतु। | " | |
| 6 | Flex Plan Printing 300gsm (Hard Lamination) | प्रति वर्ग फीट | |
| 7 | Flex Jindal Printing 340gsm (Hard Lamination) | " | |
| 8 | Flex Star 340gsm (Hard Lamination) | " | |
| 9 | Flex Black Back 440gsm (Hard Lamination) | " | |
| 10 | Flex BL 480gsm | " | |
| 11 | Vinyl 120mic/140gsm (Solvent / Insolvent) | " | |
| 12 | Vinyl (Lamination) Insolvent printing | " | |
| 13 | Vinyl (Retro) Printing | " | |
| 14 | Digital Wall Painting with eco solvent | " | |
| 15 | Manual Painting (Nerolac, Berger, Asian make ISI Mark paint) | " | |
| 16 | One Way Vision Vinyal 120mic/140gsm | " | |
| 17 | स्लोगन पट्टीका | " | |
| 18 | Flex Board (Iron Frame) लाइट वेट/हैवी वेट | " | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19 | Flex Board (Wood Frame) | " | |
| 20 | Rolling Standee Aluminium Body | " | |
| 21 | Flex Board Standee Light with frame with flex | " | |
| 22 | Takhti (Hard Board) wood handle with Card board | " | |
| 23 | Takhti (Sun Board) plastic handle with sun board (Ply Board) | " | |
| 24 | Cut Out (8'>) 5mm Sun board | " | |
| 25 | Cut Out (<8') | " | |
| 26 | Handbill Multi Color (Glossy) | D/4 Both Side | |
| 27 | Handbill Multi Color (Glossy) | D/4 Singal Side | |
| 28 | Handbill Single Color | B/W | |
| 29 | Handbill (Non Glossy Both Side) | छोटा साईज | |
| 30 | Handbill (Non Glossy Singal Side) | छोटा साईज | |
| 31 | Sticker (Minimum) Non Glossy paper | प्रतिवर्ग इन्च | |
| 32 | Sticker (Maximum) Laminated paper | " | |
| 33 | Video Making Charge | प्रति कार्य | |
| 34 | Hoarding fabrication | प्रति कार्य | |
| 35 | Unipoll Fabrication | प्रति कार्य | |

नोट :–

1– निविदा पर निविदादाता के स्पष्ट एवं पूर्ण हस्ताक्षर होना चाहिये। स्पष्ट हस्ताक्षर न होने की दशा मे निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

2– निविदादाता को निविदा की दरे स्पष्ट रूप से शब्दो व अंको मे निर्धारित स्थान पर साफ–साफ अंकित करनी होगी। निविदा फार्म रू0 500.00 + GST नगद भुगतान कर (जो वापस न होगा) निविदा प्रकाशित होने के दिनांक 06/10/2020 से दिनांक 08/10/2020 तक ही किसी भी कार्य दिवस में एस.बी.एम. कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है।

3– प्रत्येक निविदादाता को निविदा के साथ फर्म GST प्रमाण पत्र, आयकर स्थायी खाता संख्या (पैन), व्यापार कर पंजीयन संख्या, निविदा मूल्य जमा करने सम्बन्धी रसीद/बैंक ड्राफ्ट जमा करना अनिवार्य है।

4– प्रत्येक निविदादाता को घरोहर धनराशि रूपया 5,000.00 मात्र का एफ.डी.आर./सी.डी.आर/एन.एस.सी. के रूप मे (राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी) जो नोडल अधिकारी, एस.बी.एम., नगर निगम गोरखपुर के पक्ष मे बंधक होगा, निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

5– निविदाये सिर्फ प्रति अदद की दरो हेतु मांगी गयी है। आवश्यकतानुसार सामग्री की मात्रा आपूर्ति आदेश मे दी जायेगी तथा स्वीकृत दर पर न्यूनतम निविदादाता को आपूर्ति की अवधि 1 सप्ताह/कार्य की आवयश्यकता को देखते हुए परिवर्तित किया जा सकता है।

6– डाक द्वारा प्राप्त केवल उन्ही निविदाओ पर विचार किया जायेगा जो नियत अवधि के अन्दर प्राप्त होगें।

7– सफल निविदादाता को आपूर्ति आदेश प्राप्त होने के तीन दिन के अन्दर उचित मूल्य के स्टैम्प पेपर पर इकरारनामा जमा करना होगा।

8– अनुबन्ध स्टैम्प पेपर ट्रेजरी (कोषागार) से सीधे क्रय करना अनिवार्य है।

9– निविदा प्राप्त करने की तिथि मे यदि अवकाश हुआ तो अगले कार्य दिवस मे निविदा प्राप्त व खोली जायेगी।

10– निविदा की बैद्यता 31.03.2021 तक होगी/यदि कार्यदायी संस्था का कार्य संतोषजनक रहता है तो सहमति से निविदा की समयावधि बढ़ाइ जा सकती है।

11– न्यूनतम निविदादाता द्वारा निर्धारित समय के अन्दर आपूर्ति पूर्ण न किये जाने की दशा मे विलम्ब पर अर्थदण्ट देय होगा।

12– सफल निविदादाता द्वारा यदि समय से आपूर्ति पूर्ण नही किया गया तो नगर आयुक्त नगर निगम को यह अधिकार होगा की वह आपूर्ति को किसी अन्य से करा लें तथा इस प्रक्रिया मे जो निगम को अधिक व्यय करना होगा वह निविदादाता के धरोहर धनराशि से जब्त करके पूर्ण कर लिया जायेगा।

13– किसी या सभी निविदा को आंशिक या पूर्ण रूप से स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा, किसी भी विवाद के सम्बन्ध मे नगर आयुक्त, नगर निगम गोरखपुर का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।

14– निविदादाता अपने कार्यो के अनुरूप किसी एक अथवा अधिक कार्यो के लिए एक ही फार्म पर दरें अंकित कर प्रस्तुत कर सकते है।

15– न्यूनतम निविदादाता को आपूर्ति आदेश के अनुसार सम्पूर्ण सामानो की आपूर्ति एक मुस्त करना अनिवार्य होगा।

16– निविदा सूचना नगर निगम, गोरखपुर बेबसाइट **WWW.NAGARNIGAMGKP.ORG** पर उपलब्ध रहेगी।

25/09/2020

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम गोरखपुर

नगर आयुक्त
नगर निगम गोरखपुर।